24MARCH - janj-BHOOMI-PG-1-new_Layout 1 3/23/2024 9:45 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 18. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 24 मार्च 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 ओपन स्कूल परीक्षा में नकल की शिकायत पर जांच करने पहुंची टीम



## खबर संक्षेप

### होली त्यौहार को लेकर कल बंद रहेंगी मदिरा दुकानें

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने होली पर्व पर 25 मार्च को शुष्क दिवस घोषित किया है। होली के अवसर पर जांजगीर-चाम्पा जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें अर्थात देशी मदिरा सी.एस.2 देशी मदिरा सी.एस.-2 , विदेशी मदिरा एफ.एल.1 (घघ) एवं भण्डारण भाण्डागार जांजगीर को 24 मार्च को समय अवधि पश्चात बन्द करने एवं सोमवार 25 मार्च को पूर्णतः बन्द रखने का आदेश जारी किया गया है। कलेक्टर ने संबंधित वृत्त प्रभारी अधिकारी, आबकारी उपनिरीक्षक, उक्त दिवस को अपने प्रभार क्षेत्र में उपस्थित रहकर सुनिश्चित करें, कि उनके प्रभार क्षेत्र की सभी प्रकार की मदिरा दुकानें एवं भण्डारण भाण्डागार निर्धारित समयावधि पर बन्द हो जाए, उक्त अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 26 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर संचालित शासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलीटेक्निक कॉलेज आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमे अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु नवीन एवं नवीनीकरण के लिए 26 मार्च तक एवं क्पेइनतेम करने हेतु 31 मार्च 2तक निर्धारित किया गया है।

### आरटीई के तहत ऑनलाइन आवेदन 15 अप्रैल तक

**जांजगीर-चांपा।** निःशुल्क शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम 2009 के तहत ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया 1 मार्च से 15 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आधार कार्ड के आधार पर ऑनलाईन पोर्टल में आवेदन कर सकते है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि आरटीई पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन में आवेदनकर्ता का आधार कार्ड के आधार पर निवास स्थल, वार्ड नं., मुहल्ला अंतर्गत संचालित होने वाले नर्सरी से कक्षा-पांचवी तक 1 कि.मी. तथा कक्षा छठवीं से आठवीं कक्षाओं तक 3 कि.मी. के भीतर आरटीई पोर्टल में पंजीकृत विद्यालय ही प्रदर्शित होगा। 31 मार्च की स्थिति में कक्षा नर्सरी के लिए 3 वर्ष से 4 वर्ष के मध्य, कक्षा-केजी-1 के लिये 4 वर्ष से 5 वर्ष के मध्य एवं कक्षा पहली के लिये 5 वर्ष से 6 वर्ष 6 माह के मध्य होना आवश्यक है। आवेदन में आयु के अनुसार विद्यालय में संचालित आरटीई में प्रवेशित कक्षा अनुसार ही विद्यालय प्रदर्शित होगा। आवेदन आरटीई पोर्टल से आवेदन प्रिंट नहीं होने पर कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर के आरटीई कक्ष क्रमांक 5 में आरटीई हेल्प डेस्क बनाया गया है।

### ग्राम पेण्ड्री में अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ 28 से

**जांजगीर-चांपा।** समीपस्थ ग्राम पेण्ड्री में श्री अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ कलशयात्रा के साथ 28 मार्च से किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन 6 अप्रैल को रखा गया है। प्रतियोगिता तीन विधाओं में संपन्न होगा। जिसके तहत शास्त्रीय भजन संगीत में प्रथम पुरस्कार 4 हजार रुपए, द्वितीय 3 हजार रुपए, तृतीय 2 हजार रुपए, फिल्मी संगीत में 4 हजार रुपए, द्वितीय 3 हजार व तृतीय 2 हजार रुपए दिया जाएगा। इसी के तहत छत्तीसगढ़ी संगीत में प्रथम 4 हजार, द्वितीय 3 हजार रुपए व तृतीय पुरस्कार 2 हजार प्रदान किया जाएगा।

## 23 पेट्रोलिंग पार्टी और 56 फिक्स पाइंट से भी होगी निगरानी

# होली में हुड़दंग करने वालों पर रहेगी चीते की नजर, चप्पे-चप्पे पर होगा पुलिस का पहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

होली में हुड़दंग रोकने इस बार जिले में बाज पार्टी के बजाए चीता स्क्वायड तैनात रहेगी। इससे पहले बाज पार्टी होली में शांति व्यवस्था बनाने का काम करती थी। इस साल चीता स्क्वायड की हुड़दंगियों पर नजर रहेगी। होली त्यौहार में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने चाक चौबंद व्यवस्था की तैयारी कर ली है। सभी चौकी को चिन्हांकित कर कुल 56 फिक्स पाईंट में ड्यूटी लगाई गई है। असमाजिक तत्वों पर विशेष निगाह रखने के लिए 10 चीता पार्टी बनाई गई है। इसके अलावा 23 पेट्रोलिंग पार्टी लगाई गई जो लगातार पेट्रोलिंग करते रहेंगे।

होली का पर्व शांतिपूर्वक मनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। होली के दौरान हुडदंगियों पर नजर रखने चीता पार्टी के अलावा पेट्रोलिंग पार्टी भी बनाई गई है। पुलिस टीम द्वारा हुड़दंगियों, तीन सवारी चलने वाले, तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। त्यौहार के मद्देनजर 1 सप्ताह पूर्व से अवैध शराब बिक्री करने वालो पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। रविवार 24 मार्च को होलिका दहन के दिन से ही पुलिस की डयूटी शुरू हो जाएगी। होली ड्यूटी में 5 उप पुलिस अधीक्षक, 13 निरीक्षक, 42 उप निरीक्षक व सहायक उप निरीक्षक, 44 प्रधान आरक्षक एवं 184 आरक्षक व महिला आरक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। थाना व चौकी क्षेत्र अंतर्गत 56 फिक्स पाइंट चिन्हांकित किए गए है। जांजगीर में 14, नैला में 3, चांपा में 10, बलौदा में 4, अकलतरा में 6, शिवरीनारायण में 4, मुलमुला में 2, पामगढ़ में 2, नवागढ़ में 3, बिर्रा मे 3, बम्हनीडीह में 2, सारागांव में 2 और पंतोरा में 1 फिक्स पाइंट बनाकर बल की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह 23 पेट्रोलिंग पार्टी बनाए गए है, जो लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की कमान संभालेंगे। थाना जांजगीर में 3, नैला में 2, चांपा में 2, अकलतरा में 2, मुलमुला में 2, बलौदा में 2, पामगढ़ में 2, शिवरीनारायण में 2, नवागढ़ में 2, बम्हनीडीह में 1, बिर्रा में 1 और पंतोरा में 1 पेट्रोलिंग पार्टी बनाई गई है। होली त्यौहार पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये जांजगीर पुलिस ने कमर कस ली है। होली पर्व को शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण मनाने के लिये सभी पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की गई है। होली का त्यौहार सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हो जिसे ध्यान में रखते हुये पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उसके साथ ही त्यौहार के दौरान असमाजिक तत्वों पर विशेष निगाह एवं उन पर नियंत्रण रखने चीता पार्टी बनाई गई है। जिसमें जांजगीर में 4, नैला में 1 ,चांपा में 2, अकलतरा में 2, शिवरीनारायण में 1 सहित कुल 10 बाज पार्टी को तैनात किया गया है। त्यौहार के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार जायसवाल को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।



होली के लिए सजार बाजार और खरीददारी करने पहुंचे लोग।

### होलिका दहन आज, फिजा में रंग गुलाल उड़ेंगे कल

रविवार 24 मार्च को रात्रि में होलिका दहन किया जायेगा। इसके लिए बच्चों की टोली जहां होलिका तैयार कर रही है, वहीं युवा भी होलिका दहन की तैयारी में जुटे हुए है। होलिका दहन के अगले दिन सोमवार 25 मार्च को होली का त्यौहार मनाया जावेगा। होली के लिए बाजार सज चुका है। जिला मुख्यालय के कचहरी चौक में पिचकारी और रंग गुलाल की दुकानो में खरीददारी भी शुरू हो चुकी है। सोमवार को रंगों का त्यौहार उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

### हुड़दंगियों पर होगी कार्रवाई

होली में हुड़दंग रोकने सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। जिले में 56 फिक्स पाइंट बनाए गए है। वहीं 23 पेट्रोलिंग पार्टी भी बनाई गई है। इसके साथ ही विशेष निगरानी के लिए 10 चीता स्क्वायड भी तैयार किया गया है।

-विवेक शुक्ला,
पुलिस अधीक्षक
जांजगीर-चांपा

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता मारवाड़ी समाज का होलिका दहन

## गोबर से बने बड़कुल्लों से जलती है होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

बदलते समय के साथ विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्सव सहित पर्व व त्यौहार अपना मूल स्वरूप खोते जा रहे है तो वहीं नगर का मारवाड़ी समाज आज भी अपने धार्मिक तथा पारंपरिक पर्व को उनके मूल स्वरूप में बचाये हुए है। नगर का मारवाड़ी समाज होलिका दहन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दे रहा है। होली के नाम पर जहां लोग हरे - भरे पेड़ - पौधों को काटने से नहीं चूकते तो वहीं शहर का मारवाड़ी समाज जिसमें इस वर्ग से जुड़े तीनो घटक अग्रवाल, ब्राम्हण व सेन समाज के लोग शामिल है आज भी गोबर से बने बड़कुल्लों की होली जलाकर पर्यावरण तथा प्रकृति के संरक्षण का अनुकरणीय संदेश दे रहा है।

गोबर का सनातन धर्म में विशेष स्थान है उससे निर्मित गोल आकृति जिसके मध्य में छेद होता है जिसे मारवाड़ी बोली में बड़कुल्ला कहा जाता है। इन तीन इंच के व्यास वाले बड़कुल्लों का निर्माण नगर के प्रत्येक मारवाड़ी समाज के लोगों के घरों में महाशिवरात्रि के दिन से ही प्रारंभ हो जाता है। होलिका दहन के चार दिन पहले पड़ने वाली एकादशी को शुभ मुहुर्त देखकर प्रत्येक घर में सभी विवाहित महिलाएं तैयार होकर पूरे विधि - विधान से पूजा - अर्चना कर गोबर से बड़कुल्लों तथा अन्य सामाग्रियों का निर्माण करती है जिनमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण गोबर से बना ढाल होता है। घर मे जितने पुरूष एवं बच्चें होते है उतनी ही ढाल बनाई जाती है। ढाल के साथ चांद, सूरज, पान, सुपारी, नारियल सहित अन्य आकार के खिलौने भी गोबर से निर्मित किये जाते है जिन्हें होलिका दहन के पूर्व समर्पित किया जाता है। गोबर से बनाई गयी उक्त सामाग्रियों को चार दिनों तक धूप में सुखाया जाता है ताकि वे अच्छे से जल सके। मारवाड़ी समाज के घरों में होलिका दहन के लिए यह सारी सामग्री ले जाये जाने के पूर्व इनकी विधिवत पूजा - अर्चना की जाती है। होलिका दहन के दिन सुबह एक निश्चित मुहुर्त तक समाज की महिलाएं ठंडी होली का पूजन करने जाती है। नगर में होलिका दहन के लिए मारवाड़ी समाज का अनेक वर्षो से निश्चित स्थान श्रीकृष्ण गौशाला है जहां समाज के सभी लोग सपरिवार बड़कुल्लों की माला के अलावा अन्य गोबर से निर्मित सामाग्रियां लेकर पहुंचते है। यहां समाज के आचार्य द्वारा विधिवत भक्त प्रहलाद तथा होलिका का पूजन कर होलिका दहन का कार्यक्रम संपन्न कराया जाता है। मारवाड़ी समाज के द्वारा गोबर से निर्मित वस्तुओं से होलिका दहन का कार्यक्रम कर अपनी महत्वपूर्ण सांस्कृतिक परंपरा को जीवित रखने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। यह योगदान महत्वपूर्ण और अनुकरणीय है।



होलिका दहन के लिए बड़कुल्ला बनाती महिलाएं।

# मौसम का तेवर बदलते ही रूलाने लगती है बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

मौसम का मिजाज बदलते ही क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था बदहाल हो रही है। जरा सी आंधी और बारिश से विद्युत व्यवस्था लोगों को रूलाने लगती है। क्षेत्र की लचर विद्युत व्यवस्था उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबब बन गई है।

विद्युत की सुचारू आपूर्ति की सुविधा देने बिर्रा में 33/11 केव्ही सब स्टेशन की स्थापना की गई है। लोगों को बिजली की आंख मिचौली व लोवोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने सब स्टेशन स्थापित किया गया है, लेकिन सब स्टेशन होने के बावजूद इन तमाम समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है। हल्की आंधी और बारिश होने के कारण बिजली दस से बारह घंटे तक गुल हो रही है। वहीं हर दस मिनट के बाद बिजली गुल होना आम बात हो गई है। बिजली की आपूर्ति आएं दिन ठप्प रहने के कारण जिला सहकारी बैंक, सरकारी कार्यालय में सबसे ज्यादा कामकाज प्रभावित हो रहा है । वहीं लोग अपने काम के लिए बैंक व सरकारी दफ्तर पहुंचने पर बिजली गुल रहने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सबसे ज्यादा रात को बिजली गुल होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रात में बिजली व्यवस्था बहाल नहीं होने के कारण लोगों को रतजगा करना पड़ रहा है। बिजली आपूर्ति बंद होने से रात्रि में मच्छर के आतंक से लोग परेशान दिखाई देते हैं। सबसे ज्यादा बच्चों को परेशानी हो रही है। बिजली की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। वहीं बिजली बंद होने के संबंध में जब जानकारी लेने के लिए बिजली विभाग से संपर्क करने पर फाल्ट खोजने का रटा रटाया जवाब मिलता है। हल्की आंधी और बारिश से बिजली लोगों को रूला रही है। बिजली लोगों के लिए जी का जंजाल बन गया है। जल्द ही बिजली व्यवस्था चुस्त दुरुस्त नहीं होने पर ग्रामीण सड़क पर उतरकर आंदोलन की तैयारी कर रहे है।



### स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 27 को

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में लोक सभा निर्वाचन प्रयोजनार्थ सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने, निर्वाचन में सहभागिता लाने हेतु स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड स्तरीय मतदाता जागरूकता हेतु आयोजन किया जाएगा। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता चयनित प्रतिभागियों की जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में 27 मार्च को डाइट जांजगीर में आयोजित की जाएगी। निर्वाचन में सहभागिता लाने हेतु स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड स्तरीय मतदाता जागरूकता हेतु आयोजन किया जाएगा।

# प्रतिबंधात्मक मुखौटे बेचने वाले दुकानदारों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

होली में रंग गुलाल और पिचकारी के साथ ही मुखौटों की भी मांग रहती है। डरावने मुखौटों को प्रतिबंधित किया गया है। इसके बावजूद कुछ दुकानदार प्रतिबंधात्मक मुखौटे की बिक्री करते है। ऐसे दुकानदारों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की। सुरक्षात्मक दृष्टि से नगर में लगने वाली होली के सामानों की दुकानों में जाकर मुखौटों को जब्त करने पुलिस ने जांच की। इस दौरान कुछ दुकानदार प्रतिबंधित मुखौटे बिक्री करते पाए गए। थाना प्रभारी विवेक शर्मा के नेतृत्व में टीम ने नगर के विभिन्न दुकानों में पहुंचकर जांच की। नगर के बुधवारी बाजार, स्टेशन रोड, कचहरी चौक में लगने वाली दर्जनों दुकानों में टीम ने पहुंचकर कार्रवाई की। इस दौरान दर्जन भर से अधिक प्रतिबंधात्मक मुखौटों को जब्त करने की कार्रवाई की गई। साथ ही सभी दुकानदारों को समझाइए दी गई कि वे मुखोटे तथा ऐसे कोई भी ऐसे सामानों का विक्रय ना करें जो प्रतिबंधित किए गए हो। विदित हो कि जिले में पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार हर छोटे-बड़े पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस सक्रियता के साथ कार्य कर रही है। होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए या प्रयास किया जा रहा है कि कहीं पर भी कोई चूक ना हो और ऐसे सभी वस्तुओं का विक्रय रोका जाए जिससे होली में आम जनों को परेशानी हो। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि अवैध कार्य करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

**खास बात**

- दर्जन भर से अधिक डरावने मुखौटों को पुलिस ने किय जब्त



डरावने मुखौटे को जब्ती करती पुलिस टीम।

# 36 लीटर शराब के साथ आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** शिवरीनारायण पुलिस ने 36 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार 22 मार्च को बिलारी में 21 वर्षीय उत्तम खूंटे के ठिकाने पर दबिश दी गई। रेड कार्रवाई के दौरान पुलिस को आरोपी के कब्जे से अलग अलग बाटल, जरीकेन में रखा कुल 36 लीटर कच्ची महुआ शराब मिला। पुलिस ने शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। जब्त किए गए शराब की कीमत 45 सौ रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।



# यातायात नियमों का उल्लंघन

## 242 चालकों से वसूले 95 हजार



तीन सवारी वाले बाइक चालक पर कार्रवाई करती यातायात पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सड़क दुर्घटना में कमी लाने और होली पर्व में सुरक्षा के मद्देनजर यातायात पुलिस वाहन चेकिंग अभियान चला रही है। अभियान के दौरान नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए समझाईश दी जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को यातायात पुलिस ने 242 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 95 हजार 1 सौ रुपए का जुर्माना वसूल किया।

मोटर सायकल में तीन सवारी, तेज गति से वाहन चलाने वालो एवं यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध यातायात पुलिस द्वारा जिले में विशेष अभियान चलाकर मोटर वाहन अधिनियम के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार 23 मार्च को यातायात नियमों का उलंघन करने वालों वाहन चालकों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें मोटर सायकल में तीन सवारी, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, वाहन में रिफलेक्टर ग्लास नही होना, बिना हेलमेट के वाहन चलाना, बिना लायसेंस के वाहन चलाना पाए जाने पर 242 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। वाहन चालकों से 95 हजार 100 रुपए का समन शुल्क लिया गया। वाहन चेकिंग के दौरान वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन नही चलाने एवं वाहन में प्रेशर हार्न नही लगाने तथा यातायात नियमों का पालने करने हेतु समझाईश दी गई।


## आम नागरिकों के लिए निर्वाचन आयोग ने दी सुविधा

# आचार संहिता उल्लंघन की सी-विजिल एप से शिकायत पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

आचार संहिता के उल्लंघन पर आम नागरिक अब सी-विजिल एप के माध्यम से शिकायत कर सकते है। उड़नदस्ता टीम इन शिकायतों की जांच करेगी और आचार संहिता उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई भी की जाएगी।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन उपलब्ध कराया गया है। सी-वीजिल का अर्थ 'सिटिजन वीजिलेंस' यानि नागरिकों की सतर्कता है। सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुशलतापूर्वक त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत किया जा सकता है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण सोम ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सी- विजिल एप के माध्यम से कोई भी आम व्यक्ति शिकायत दर्ज कर सकता है। यह एप रियल टाइम इनवायरमेंट में काम करता है और लाइव फोटो, विडिओ और आडियो रिकार्ड कर कोई भी आम व्यक्ति शिकायत दर्ज करा सकते है। सी-विजिल एप में शिकायत दर्ज करने के पश्चात यह जिला कंट्रोल रूम से 5 मिनट में आस पास उपस्थित सम्बंधित उड़नदस्ता को शिकायत आबंटित कर दिया जाता है। 15 मिनट में उक्त शिकायत को सम्बंधित उड़नदस्ता द्वारा एक्सेप्ट किया जाता है। 30 मिनट में उड़नदस्ता द्वारा शिकायत का निराकरण किया जाता है। 50 मिनट तक सम्बंधित एआरओ द्वारा शिकायत का समाधान करने के पश्चात अभिमत दर्ज किया जाता है। सी-विजिल मोबाईल एप्लीकेशन निर्वाचन सीमा के भीतर प्रत्येक नागरिक को आवेदन में साइन-इन करके अपने मोबाइल फोन के माध्यम से फोटो, ऑडियो, वीडियो लेकर आदर्श आचार संहिता व व्यय उल्लंघन की रिपोर्ट करने की अनुमति देता है। ऐप नागरिकों को उनके व्यक्तिगत विवरण पहचान का खुलासा किए बिना गुमनाम रूप से शिकायत करने की भी अनुमति देता है। जब उपयोगकर्ता उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए सी-विजिल में अपने कैमरे को चालू करते हैं, तो ऐप स्वचालित रूप से एक जियो-टैगिंग सुविधा को सक्षम करता है, जिससे फील्ड यूनिट की घटना के सटीक स्थान को जानने में मदद मिलती है। ऐप सभी आदर्श आचार संहिता उल्लंघन व शिकायतों तक पहुंच सकता है और रीयल-टाइम प्रगति की जांच कर सकता है। फील्ड यूनिट द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के बाद निर्णयकर्ता व रिटर्निंग अधिकारी सी-विजिल मामलों पर ड्रॉप, डिसाइड और एस्केलेट जैसी कार्रवाई कर सकते हैं। सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन को गूगल प्ले स्टोर एवं एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह एप्लीकेशन नागरिक जुड़ाव और प्रवर्तन प्रक्रिया में भागीदारी को बढ़ावा देता है। यह मोबाइल एप्लीकेशन जागरूकता, विश्वास और आत्मविश्वास पैदा कर उस साझेदारी को सुगम बनाने में सहायक सिद्ध होता है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने जिले में निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त रिटर्निंग ऑफिसर्स व अन्य अधिकारियों सहित जिले में संचालित स्वीप गतिविधियों के माध्यम से सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन के जमीनी स्तर पर भी व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं।



## खबर संक्षेप

### कोरबा विस के सभी पोलिंग बूथ में महिला कर्मी कराएंगे मतदान

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत बसंत की पहल से इस बार लोकसभा चुनाव में कोरबा विधानसभा के सभी बूथों में महिला मतदान कर्मी चुनाव संपन्न करेंगे। कलेक्टर अजीत बसंत ने बताया कि निर्वाचन की व्यापक तैयारी की जा रही है और इसके सफल संचालन के लिए महिला अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में हिस्सा ले रहीं हैं। कोरबा विधानसभा के सभी 249 पोलिंग बूथ में महिला मतदान कर्मियों के द्वारा मतदान कार्य संपन्न कराया जाएगा जिसके लिए लगभग एक हजार से 12 सौ महिला मतदान कर्मियों को 2 से 3 अप्रैल में प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके बाद महिला कर्मचारी कोरबा विधानसभा की सभी पोलिंग बूथ पर मतदान कार्य को संपन्न कराएंगी।

### ननि के शौचालय को बनाया गया आवास, घोटाले की आशंका

**कोरबा।** वार्ड क्रमांक 29 पोड़ीबाहार के एसआरएलएम सेंटर के करीब निर्मित सार्वजनिक शौचालय को आवास में बदल दिया गया है और इसमें किसी बड़ी साजिश की बू आ रही है। दरअसल बहुत दिनों से यह निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है और इसके अंदर एक परिवार अपना घर बनाकर रहने भी लग गया है। खासबात यह है कि इसकी खबर निगम प्रशासन को कैसे नहीं लग पाई। जबकि इसके बगल से ही मुख्यमार्ग है और अधिकारियों का आवागमन लगातार बना रहता है। निगम प्रशासन को इस मामले की जांच करना चाहिए और दोषी व्यक्ति पर कार्यवाही करनी चाहिए।

### अग्रवाल सभा चुनाव हेतु 912 सदस्यों की सूची जारी

**कोरबा।** अग्रवाल सभा के मुख्य चुनाव अधिकारी छेदीलाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया की अग्रवाल सभा के चुनाव 2024 के लिए अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है चुनाव में 7 पूर्व अध्यक्ष, 13 संरक्षक सदस्य दो आजीवन सदस्य एवं 890 सदस्य कल 912 सदस्य का मतदान करेंगे। 31 मार्च को नामांकन होगा इसी दिन स्क्रूटनी व नाम वापसी के बाद बचे हुए प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी जाएगी। आपसी सहमति न होने पर 2 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। चुनाव अध्यक्ष एक पद उपाध्यक्ष एक पद एवं कोषाध्यक्ष एक पद हेतु होगा चुनावी प्रक्रिया अग्रसेन भवन में संपन्न होगी।

### श्याम मित्र मंडल के सदस्यों ने चढ़ाया निशान

**कोरबा।** प्रतिवर्ष सीकर जिले के खाटू धाम श्याम मंन्दिर में लाखों भक्त रींगस से 19 किलोमीटर नंगे पांव चलकर निशान चढ़ाते हैं। इसी कड़ी में विश्व कल्याण की मंगल भावना, सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की प्रार्थना के साथ कोरबा श्याम मित्र मंडल के सदस्यों डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा, राजकुमार गोयल, रवि अग्रवाल हर्ष नारायण शर्मा, अमन शर्मा, अनमोल शर्मा एवं प्रतिभा शर्मा ने 19 किलोमीटर न पैदल चलकर रींगस से खाटू श्याम के धाम पर निशान चढ़ाया।

# सेवानिवृत्त कोल कर्मियों के लिए खुशखबरी, 31 को मिलेगी बकाया एरियर की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया से सेवानिवृत्त कर्मियों के बकाया एरियर का भुगतान 31 मार्च तक हो जाएगा। इस संबंध में कोल इंडिया के डीपी विनय रंजन ने सभी सहायक कोल कंपनियों के सीएमडी को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के वेतन को एक जुलाई 2021 से संशोधित किया गया।

अलग खबर

विभिन्न संभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एनसीडब्ल्यूए-11 बकाये का भुगतान कोल कंपनियों ने नहीं किया। इसका भुगतान 31 मार्च तक करें। पत्र मिलते ही बीसीसीएल, ईसीएल व सीसीएल में कार्मिक विभाग की टीम इसकी तैयारी में जुट गई है। ऐसे कर्मियों की संख्या करीब करीब 18 हजार है। वहीं, कोल इंडिया के विभिन्न कंपनियों में वैधानिक व सामान्य कर्मी का तबादला किया गया है, लेकिन उनका भुगतान भी अभी तक नहीं हुआ है। इन कर्मियों का भी भुगतान जल्द से जल्द करने के लिए कहा गया है। बीसीसीएल में भी इस तरह के मामले है। यहां निदेशक वित्त आरके साहय, निदेशक कार्मिक मुरली कृष्णा रमैय्या इस मामले की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि तय समय सीमा इसे पूरा नहीं किया जाता है तो संबंधित अधिकारी पर जवाबदेही तय की जाएगी। गौरतलब है कि जुलाई 2021 से कोल इंडिया में नया वेतन समझौता लागू होना था, जेबीसीसीआई कमेटी भी तय समय पर गठित हो गई लेकिन मिनिमम गारंटी बेनिफिट के मुद्दे पर सहमति ना बनने के कारण जुलाई 2021 से 23 माह की एरियर राशि का भुगतान किया गया।इस दौरान एसईसीएल के लगभग 38 कोयला कर्मियों के अलावा कोल इंडिया के अनुषंगी कंपनियों के कर्मचारियों को इसका लाभ मिला लेकिन 23 माह की उक्त अवधि में रिटायर हुए कर्मियों को बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है, ऐसे में रिटायर हुए सेवानिवृत्त कर्मचारी भी एरियर राशि के भुगतान की पात्रता रखते हैं।

## तबादला किए गए कर्मियों का भी जल्द होगा भुगतान

**खास बात**

- गैर कार्यकारी कर्मचारी के वेतन को एक जुलाई 2021 से किया गया संशोधित

### इन कर्मियों को मिलेगा एरियर का लाभ

इसका लाभ एसईसीएल के उन रिटायर्ड कर्मचारियों को मिलेगा, जो जुलाई 2021 के बाद रिटायर हुए हैं। सेवानिवृत्त कर्मियों के बकाया एरियर के भुगतान के अलावा कोल इंडिया के डीपी ने विभिन्न कंपनियों में वैधानिक व सामान्य कर्मी का तबादला किया गया है, उनका भी भुगतान जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए है। बीसीसीएल में भी इस तरह के मामलों को देखने को कहा गया है। निदेशक वित्त आरके साहय, निदेशक कार्मिक मुरली कृष्णा रमैय्या इस ने कहा है कि यदि तय समय सीमा इसे पूरा नहीं किया जाता है तो संबंधित अधिकारी पर जवाबदेही तय की जाएगी।

## जिला पुलिस गुंडों बदमाशों के खिलाफ चला रही है विशेष अभियान

# तीन बदमाश युवकों से एक रिवाल्वर 3 देशी कट्टा पुलिस ने किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस की टीम ने तीन अलग-अलग स्थान में दबिश देकर रिवाल्वर और देसी कट्टा बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश रहे तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**खास बात**

- अलग अलग स्थानों में पुलिस ने दी थी दबिश





पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जप्त कट्टा व कारतूस।

है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक रिवाल्वर, तीन देसी कट्टा व कारतूस जप्त करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि पुलिस के आला अधिकारियों को मुखबिर से सूचना मिली थी कि शहर के कुछ इलाकों में देसी कट्टा बेचने के लिए कुछ लोग ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। मुखबिर की सूचना सिविल लाइन थाना प्रभारी ने घंटाघर ओपन ऑडिटोरियम के पास घेराबंदी कर पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा के खोखरा पामगढ़ निवासी रुपेश गिरी गोस्वामी 30 वर्ष पिता तरुण गोस्वामी को हिरासत में लिया तो आरोपी के कब्जे से पुलिस को एक देसी कट्टा बरामद हुआ है। वहीं दूसरी ओर सीएसईबी चौकी पुलिस ने ढेंगुरनाला कोहड़िया बस्ती निवासी नरेंद्र कुमार चौहान 28 वर्ष पिता राम प्रसाद चौहान को सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अंधेरी दाई मंदिर के पास देसी कट्टा रखकर ग्राहक की तलाश कर रहा था। पुलिस ने मौके पर दबिश दी और नरेंद्र कुमार चौहान को धरदबोचा। जहां पकड़े गए आरोपी नरेंद्र कुमार चौहान के कब्जे से भी पुलिस ने एक देसी कट्टा बरामद करने में सफलता हासिल की है जबकि पूछताछ के दौरान पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती पीपल चौक निवासी कोमल पटेल 28 वर्ष पिता श्यामू पटेल के ठिकाने पर दबिश तो आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा, एक देसी रिवाल्वर व कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और आरोपियों को कब्जे से देसी कट्टा, रिवाल्वर व दो कारतूस जप्त करने में सफलता हासिल की है।

# कटघोरा लिथियम खदान के लिए लगी दावेदारों की कतार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घुचापुर कटघोरा के आसपास के 250 हेक्टेयर क्षेत्र में लिथियम पाए जाने की पुष्टि जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने की। जिसके लिए नीलामी की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बोली में ओला, वेदांता, जिंदल, श्री सीमेंट, अडाणी समूह, अल्ट्राटेक सीमेंट सहित अनेक बड़ी कंपनियां शामिल थी। अर्जेंटीना की एक कंपनी की भी बोली में भाग लेने की जानकारी मिली है।

लिथियम खदान के कटघोरा ब्लॉक में खुलेगी। केन्द्रीय खान मंत्रालय द्वारा बुधवार को की गई नीलामी में कटघोरा लिथियम ब्लॉक के लिए रिजर्व प्राइज 2 प्रतिशत के विरुद्ध 76.05 प्रतिशत की बोली आई, जो रिजर्व प्राइज से 38 गुना अधिक है। हालांकि अभी सफल बोलीदाता का नाम सामने नहीं आया है। कटघोरा के लिथियम ब्लॉक के लिए कंपोजिट लाइसेंस दिया जा रहा है। इसमें परीक्षण व खनन दोनों का ही अधिकार शामिल है। कटघोरा के साथ ही कश्मीर के लिथियम ब्लॉक की भी नीलामी शुरू की गई। किंतु शुरुआती दौर में ही इसके लिए समुचित बोलीदार आगे नहीं आए, जिसके कारण एमएसटीसी पोर्टल पर चल रही इसकी ऑनलाइन नीलामी रोक दी गई।

# लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारने को लेकर माकपा ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी छत्तीसगढ राज्य परिषद की मैदानी क्षेत्र की क्षेत्रीय कमेटी की बैठक 17 मार्च को पार्टी कार्यालय में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता कामरेड सोम गोस्वामी द्वारा किया गया। और इफ्टा के साथी कामरेड निसार अली ने जनगीत दमादम मस्त कलंदर गाकर शुरुआत किये।

बैठक में रायपुर संभाग, बिलासपुर संभाग, दुर्ग संभाग व सरगुजा संभाग के पार्टी ईकाईयों के जिलासचिव, राज्य परिषद सदस्य व सक्रिय वरिष्ठ साथियों व सहयोगियों की उपस्थिति रही। कोरबा जिला सचिव पवन कुमार वर्मा ने जिले की जन समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए अपनी बात रखी। श्री वर्मा ने कहा कि पार्टी द्वारा 16 फरवरी से कोरबा की जन समस्याओं को लेकर आमरण अनशन किया गया और आचार संहिता के बाद फिर से जिले के प्रमुख मुद्दे जैसे प्रदूषण, नगर निगम के सफाई कर्मचारी कचरा उठाने वाले कर्मचारी को न्यूनतम मजदूरी एवं सामाजिक सुरक्षा, सभी तालाबों की साफ सफाई एवं पानी भराव की व्यवस्था को लेकर पार्टी आंदोलन करेंगी। बैठक में पार्टी सदस्यता, नवीनीकरण 25 मार्च तक पूर्ण कर राज्य को अनिवार्य रूप से भेजने का निर्णय लिए गया। वर्तमान लोकसभा चुनाव व पार्टी, संगठन विस्तार विषय पर जिलेवार सांगठनिक कार्य दायित्व का आकलन किया गया बस्तर लोकसभा लडने का समर्थन कर मैदानी क्षेत्र की अन्य लोकसभा सीट लडने की विषय पर चर्चा कर प्रस्ताव राज्य परिषद को जल्द देकर चुनाव लडने की अनुमति मांगे है। जिसमें जांजगीर, कोरबा, सरगुजा, बिलासपुर लोकसभा सीट पर चुनाव लडने चर्चा की गई। बैठक में लखन सिंह, बिनोद कुमार सोनी, डॉ सोम गोस्वामी, कामरेड निसार अली, पवन कुमार वर्मा, बिहारीलाल कर्ष उपस्थित रहे।




बैठक के दौरान माकपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

### जिले में जीरो प्रतिशत शॉर्टेज से धान का उठाव हुआ पूर्ण

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में उपार्जित किए गए संपूर्ण धान का उठाव शून्य प्रतिशत शॉर्टेज के साथ पूर्ण कर लिया गया है। जिला विपणन अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कोरबा जिला राज्य में खरीदी किए गए धान का निराकरण करने वाला तीसरा जिला है। धान खरीदी से संबंधित सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों के प्रयासों से जिला लगातार 11 वर्षों से 0 प्रतिशत शॉर्टेज पर धान उठाव करने में सफल रहा है। गौरतलब है कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में कोरबा जिले के 41 सहकारी समितियों के 65 केन्द्रों के माध्यम से धान का उपार्जन किया गया। जिले के 43,412 किसानों द्वारा कुल 2,86,733.16 मिट्रिक टन धान का विक्रय किया गया। 3 माह तक चलने वाले धान तिहार को किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए 4 दिवस के लिए बढ़ाया गया। इस दौरान धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी रहा तथा किसानों से व्यवस्थित रूप से खरीदी की गई है।

# पॉवर कंपनी में अंतर क्षेत्रीय शक्तित्तोलन शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता का हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में दो दिवसीय अंतर क्षेत्रीय पॉवर लिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव एवं कार्यपालक निदेशक एमएस चौहान ने कहा कि बॉडी बिल्डिंग और पॉवर लिफ्टिंग जैसे खेल शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक बल को भी बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि पॉवर कंपनी ऊर्जा क्षेत्र में कार्य करती है ऐसे में उनके अधिकारी कर्मचारी हमेशा ऊर्जा से भरे रहे यह प्रबंधन का प्रयास रहता है। इस मौके पर क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के अध्यक्ष कार्यपालक निदेशक केएस मनोठिया ने कहा कि पॉवर कंपनी में इतनी बड़ी संख्या में प्रतिभागियों का शामिल होना दर्शाता है कि व्यक्ति शारीरिक बल से नहीं मनोबल से युवा होता है। उद्घाटन अवसर पर आयोजन के प्रभारी मनोज वर्मा ने आई हुई टीमों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं आयोजन के संबंध में प्रकाश डाला। क्षेत्रीय कला एवं क्रीड़ा परिषद के सचिव विनय चंद्राकर ने बताया कि 21-22 मार्च को पॉवर कंपनी मुख्यालय परिसर में आयोजित की जा रही इस प्रतियोगिता में 8 क्षेत्रीय टीमों के 57 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। पहले शक्तित्तोलन (पॉवर लिफ्टिंग) की आठ वर्गों में प्रतिस्पर्धा हो रही है वहीं दूसरे और अंतिम दिन शरीर सौष्ठव (बॉडी बिल्डिंग) प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में रायपुर क्षेत्र, रायपुर सेन्ट्रल, दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, मड़वा और जगदलपुर की टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। उद्घाटन अवसर पर केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के पूर्व सचिव आर के बंछोर, कार्यपालन अभियंता आशीष अग्निहोत्री, व्ही के तिवारी प्रमुख रूप से मौजूद थे।




प्रतियोगिता का शुभारंभ करते कार्यपालक निदेशक श्री चौहान एवं अन्य।

### शांति व्यवस्था भंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** जिले में सजग कोरबा अभियान चलाकर गुण्डा बदमाश, नशा का अवैध करोबार करने वाले एवं शांति व्यवस्था को भंग करने वालों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही किये जाने के लिए सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में कोतवाली थाना को इतवारी बाजार चौक कोरबा के निवासी अनीश मेमन उम्र 50 वर्ष पिता स्व. अब्दुल हाफिज मेमन ने एक लिखित शिकायत दिया कि विशाल साहू ने आपसी बात को लेकर बुरी बुरी गाली गुप्तार कर संपत्ति हड़पने के लिए मारपीट कर चोट पहुंचाकर जान से मारने की धमकी दी।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र. क्र 68 / ब-121 / 2023-2024
ग्राम ठकुरदिया तहसील नवागढ़

आवेदक राजेश्वर कुमार साहू उम्र 29 वर्ष पिता श्री बंशीलाल साहू जाति तेली निवासी ग्राम ठकुरदिया तहसील व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका लक्ष्मी साहू उम्र 25 वर्ष पिता श्री चन्द्रकुमार साहू जाति तेली निवासी ग्राम नवागढ़ तहसील व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

बनाम
छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम ठकुरदिया तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश्वर कुमार साहू उम्र 29 वर्ष पिता श्री बंशीलाल साहू जाति तेली निवासी ग्राम ठकुरदिया तहसील व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका लक्ष्मी साहू उम्र 25 वर्ष पिता श्री चन्द्रकुमार साहू जाति तेली निवासी ग्राम नवागढ़ तहसील व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपनी दावा / आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 24.04.2024 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 15.03.2024 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला -जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार सारागांव जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

ग्राम सरवानी
दिनांक 23/02/2024

**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका भीखमदास महंत पिता/पति जनादास महंत जाति पनिका निवासी सरवानी तहसील सारागांव जिला जांजगीर -चांपा ने इस न्यायालय में अपने माता लीलाबाई बेवा जनादास के जन्म/मृत्यु दिनांक 22/08/1995 स्थान सरवानी कारण से होने पर पंजीयन हेतु आवेदन पत्र पटवारी प्रतिवेदन मय पंचनामा शपथ पत्र सहित पेश किया है। अतःजिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति होतो पेशी दिनांक 28/03/2024 को समय 11:00 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/02/2024 को न्यायालय के सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

जारी दिनांक 23/02/2024
पेशी दिनांक 28/03/2024

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सारागांव**
**जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

# सात आरोपियों से 72 लीटर महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस द्वारा लगातार अवैध शराब के खिलाफ लगातार मुहीम चलाई जा रही है। इस कड़ी में पुलिस ने अलग अलग स्थानों में दबिश देकर कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और आरोपियों के कब्ब्जे से 72 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा जिले के सभी थाना चौकी प्रभारी को सजक कोरबा के तहत अवैध शराब बिक्री, शराब परिवहन करने वाले व्यक्तियों पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी कड़ी में गुरुवार को विभिन्न थाना चौकी क्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 7 प्रकरणों में कुल 72 लीटर कच्ची महुआ शराब को किया गया। जिसमें उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भादा बरगुडुपारा से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब, हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रेकी से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब, दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत सलिहापारा देवगांव मोड़ से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब, बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दोदरो से 11 लीटर कच्ची महुआ शराब, कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड कोरबा चौहान फोटो कापी के पास से 11 लीटर कच्ची महुआ शराब, करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सकदूकला से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब को जप्त किया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### आबकारी का छापा, 9 लीटर महुआ शराब जप्त

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग की टीम ने एक महिला के ठिकाने में दबिश देकर उसके कब्जे से 9 लीटर महुआ शराब जप्त किया है। आबकारी विभाग की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर निवासी सुनीता रजक द्वारा अवैध शराब बनाकर बेचने का गोरखधंधा संचालित किया जा रहा है। सूचना पर आबकारी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम ने मौके पर दबिश दी। जहां सुनीता रजक के कब्जे से 9 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है।

जाँजगीर मार्केट

आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
प्रो. आदित्य सिंघानिया मो.6260115021
छड़, सीमेंट, टीन, लोहा पाईप एवं बिल्डिंग मटेरियल
विशेष-इंटीरियर एवं डेकोरेड
डीलर-अग्नि शमन यंत्र (फायर सेफ्टी)
प्लाई, सनमाईका, सेन्टिग प्लाई
विशेष-घर बनाना हुआ आसान, रिंग सरिया छड़ द्वारा निर्मित जाली कालम बीम आर्डर पर सभी साईज में बनाया जाता है।
संबंधित प्रतिष्ठान
सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की लकड़ियां कम दर में प्राप्त करें
प्रो. शंकर सिंघानिया मो. 9302362173

गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना,जलन छोटापन,टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया,चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
निःसंतान दंपति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

TOP IN JANJGIR

कोसा साड़ी शो-रूम
महेशराम देवांगन एंड ब्रदर्स
• हैण्डलूम कोसा (टसर) सिल्क साड़ी (हैण्डवोभन, हैण्डब्लॉक प्रिंट्स, एम्ब्रायडरी)
• मलवरी सिल्क साड़ी • फैंसी सिल्क साड़ियाँ • सलवार सुट
• दुपट्टा • शॉल • ड्रेस मटेरियल • फर्निशिंग कपड़े इत्यादि
पोस्ट ऑफिस के सामने, गौशाला रोड, चाम्पा 495 671 (छ.ग.)
Ph. : 07819-245152, 245661, Mob. : 9425505875, E-mail : maheshramdewangan1@gmail.com

23 March -Jash-RAGH-CORIY-JANJ- Bhoomi pg3_Layout 1 3/23/2024 7:30 PM Page 1





# रणवीर सिंह की फिल्म पर आया बड़ा अपडेट

**मुंबई।** फिल्म निर्माता और अभिनेता फरहान अख्तर ने जब से यह ऐलान किया है कि बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डॉन 3' में मुख्य अभिनेता का किरदार रणवीर सिंह निभाएंगे, तब से फैंस फिल्म से जुड़ी छोटी से छोटी अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। डॉन फ्रेंचाइजी के तीसरे भाग में रणवीर सिंह बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की जगह लेंगे और डॉन की भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म का शूटिंग शेड्यूल ट्रैक पर है और यह अगले साल यानी 2025 में फ्लोर पर जाएगी। प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू हो गया है।

लाइफ Style

# सई मांजरेकर

## सलमान के साथ सुरक्षित महसूस करती हूं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सई मांजरेकर अभिनेता-निर्देशक महेश मांजरेकर की लाडली बेटी हैं। सई ने अपने करियर की शुरुआत सलमान खान की फिल्म 'दबंग 3' से की थी। हाल ही में अभिनेत्री फिल्म 'कुछ खट्टा हो जाए' में नजर आईं। दर्शकों को इस फिल्म में सई की एक्टिंग काफी पसंद आई है।

पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान सई अपनी आने वाली फिल्मों के अलावा सलमान खान के साथ अपने रिश्ते पर भी खुलकर बातें करती नजर आईं। सई मांजरेकर अपनी मेहनत के दम पर धीरे-धीरे बॉलीवुड में अपनी जगह बनाने में कामयाब हो रही हैं। हाल ही में गुरु रंधावा के साथ उनकी फिल्म 'कुछ खट्टा हो जाए' रिलीज हुई थी। सई अपने करियर के बारे में बात करते हुए कहती हैं, 'किसी भी नए कलाकार के लिए सलमान खान के साथ काम करना किसी सपने के सच होने जैसा है।'

सई अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, 'मैंने अपने करियर की शुरुआत सलमान खान के साथ की थी। उस फिल्म की शूटिंग के दौरान जिस तरह से उन्होंने मेरा ख्याल रखा, वह मेरे लिए बेहद खास था। मैं उनके साथ एक अलग सा बांड महसूस करती हूं।' सई मांजरेकर अपनी कोई भी फिल्म साइन करने से पहले सलमान खान से सलाह जरूर लेती हैं। वे कहती हैं, 'मुझे लगता है कि वे मुझे कभी गलत सलाह नहीं देंगे। उनके साथ मैं सुरक्षित महसूस करती हूं।' सई मांजरेकर आने वाले दिनों में अजय देवगन के साथ फिल्म 'औरों में कहां दम था' में नजर आने वाली हैं। इसके अलावा सई मांजरेकर साउथ की फिल्मों में भी दिखाई देंगी।



हॉलीवुड मसाला



# तीन बार करवाई ब्रेस्ट सर्जरी

**लॉस एंजिलिस।** अक्सर देखा जाता है कि फिल्मों में खूबसूरत दिखने के लिए सेलेब्स प्लास्टिक सर्जरी का सहारा लेते हैं। आज के समय में अपने शरीर के किसी भी अंग की प्लास्टिक सर्जरी कराना बहुत आसान हो गया है। इसमें सबसे ज्यादा देश और विदेशी एक्ट्रेसेज शामिल हैं। आए दिन किसी न किसी एक्ट्रेस की सर्जरी की खबर सामने आती है। इन दिनों हॉलीवुड एक्ट्रेस मेगन फॉक्स अपनी सर्जरी को लेकर चर्चा में है। मेगन फॉक्स ने अपनी कुछ प्लास्टिक सर्जरी की पुष्टि की है बाकी का खंडन भी किया है।



# रिबेल मून 2 का एक्शन से भरपूर ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिलिस।** जैक स्नायडर की स्पेस एंडवेंचर फिल्म रिबेल मून का दूसरा भाग अगले महीने रिलीज हो रही है। फिलहाल इसका ट्रेलर जारी किया गया है, जिसमें एक्शन और रोमांच की तगड़ी डोज देखने को मिल रही है। रिबेल मून का पहला भाग पिछले साल 22 दिसम्बर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। सोफिया बुटेला रिबेल मून में लीड रोल निभाती हैं। रिबेल मून- पार्ट वनः अ चाइल्ड ऑफ फायर में सोफिया का किरदार कोरा का है, जो अंतरिक्ष के एक शांत ग्रह पर गांव के लोगों के बीच रहती है। अच्छी फाइटर कोरा बागी मिजाज की है। कोरा ब्रह्मांड में मदरवर्ल्ड के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंकती है और ब्रह्मांड के सबसे बड़े योद्धाओं को अपनी लड़ाई के लिए जमा करती है। पहले भाग में दिखाया गया था कि कोरा योद्धाओं को लेकर गांव पहुंचती है। दूसरे भाग द स्कारगिवर में कहानी आगे बढ़ेगी।



# जैकलीन ने सुकेश को दिया बर्थडे गिफ्ट!

**मुंबई।** जैकलीन फर्नांडीज तब से सुर्खियों में हैं जब उनका नाम सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शामिल हुआ है। अभिनेत्री का नाम ठग सुकेश से आज भी जोड़ा जाता है। सुकेश पिछले कुछ समय से जेल में है। जेल में रहने के बावजूद वह कई मौकों पर अभिनेत्री को प्रेम पत्र भेजता रहता है। अपने जन्मदिन से पहले, उसने एक बार फिर जैकलीन के नाम अपना पैगाम भेजा है। सुकेश चन्द्रशेखर ने पत्र की शुरुआत यह लिखकर की, "बेबी, 25 मार्च को मेरे जन्मदिन के गिफ्ट के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद, लेकिन मैं इसे अपना छोटा जन्मदिन का उपहार कहूंगा। बेबी, यह मेरे जीवन में अब तक मिला सबसे अच्छा उपहार है। मैं जिस उपहार की बात कर रहा हूं, वह आपका नया रिलीज हुआ गाना यम्मी यम्मी है।



# अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी की उड़ी अफवाह

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन की कुछ तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल होने लगीं जिनमें दावा किया गया कि एक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि, इसके पीछे की हकीकत अलग है। अल्लू अर्जुन पूरे देश के दिलों की धड़कन हैं। अर्जुन इंडस्ट्री के सबसे बड़े एक्टर्स में से एक हैं और फिलहाल वो अपनी एक्शन सीक्वल फिल्म 'पुष्पाः द रूल' की शूटिंग में व्यस्त हैं। एक्टर हमेशा सुर्खियों में रहते हैं और इस बार जब उन्हें आरटीओ ऑफिस में देखा गया तो उन्होंने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। जैसे ही एक्टर की फोटो ऑनलाइन वायरल हुई, इसने इंटरनेट पर तूफान मचा दिया और फैंस तरह-तरह की अटकलें लगाने लगे। फैंस ने अनुमान लगाया कि अल्लू अर्जुन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अल्लू को हैदराबाद में आरटीओ ऑफिस में देखा गया।

टीवी मसाला



# सलमान खान के शो में एंट्री लेगी वायरल गर्ल जसमीन

**मुंबई।** टीवी पर 17 साल राज करने के बाद ओटीटी पर रियलिटी शो बिग बॉस ने अपनी मुकाम बना लिया है। दो सीजन की अपार सफलता के बाद जल्द ही सलमान खान का बिग बॉस ओटीटी 3 भी आने वाला है। इस बीच बिग बॉस ओटीटी 3 के कंटेस्टेंट की लिस्ट में जस्ट लुकिंग लाइक ए वाउ वायरल सोशल मीडिया ट्रेंड से रातों-रात स्टार बनने वालीं जसमीन कौर का नाम शामिल हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार ये बताया जा रहा है कि जसमीन कौर बिग बॉस ओटीटी सीजन में नजर आ सकती है। बीते साल जसमीन का सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वह कुछ ड्रेसेस को जस्ट लुकिंग लाइक ए वाउ बताती नजर आईं। लेकिन जिस स्टाइल से उन्होंने इसे कहा वो देखते ही देखते इंटरनेट पर जमकर वायरल हो गया है। बी टाउन एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण जैसे तमाम सेलेब्स ने भी जसमीन की स्टाइल को कॉपी करते हुए इस ट्रेंड पर वीडियो बनाए, जिनकी खूब चर्चा हुई। बता दें कि जसमीन कौर दिल्ली की एक फेमस क्लोथिंग डिस्ट्रीब्यूटर हैं और इंस्टाग्राम हैंडल पर करीब 1.3 मिलियन फॉलोअर्स भी हैं।


# अंकिता का पैपराजी पर फूटा गुस्सा



**मुंबई।** बिग बॉस 17 के बाद अब अंकिता लोखंडे बड़े पर्दे पर धमाल मचाते हुए दिखेंगी। हिंदी सिनेमा के दमदार अभिनेता रणदीप हुड्डा संग उनकी लेटेस्ट फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर आज से सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। बीते रात अंकिता की इस फिल्म का प्रीमियर रखा गया है, जिसमें सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 17 के कंटेस्टेंट्स अभिषेक कुमार, खानजादी और आयशा खान जैसे कई और सदस्य शामिल हुए। इस बीच पैपराजी की भारी भीड़ के चलते हुई दिक्कत की वजह से अंकिता लोखंडे गुस्से में आ गई और उन पर आग बबूला हो गईं। दरअसल गुरुवार को अंकिता लोखंडे की बहुचर्चित फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर की एक स्पेशल स्क्रीनिंग मुंबई में रखी गई। इस दौरान अंकिता के पति विक्की जैन, फैमिली के सदस्य और बिग बॉस 17 के तमाम मेंबर्स एक साथ नजर आए।

# कार्तिक की झोली में एक और मेगा बजट फिल्म

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन इंडस्ट्री के टॉप एक्टर्स में से एक है। अपने करियर ने कार्तिक ने कई शानदार फिल्में दी और आने वाले दिनों में भी कार्तिक कई बड़ी फिल्मों में नजर आने वाले हैं। कार्तिक ने एक्शन, कॉमेडी, रोमांस, थ्रिलर समेत लगभग हर शैली के फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजन किया। इस बीच 'भूल भुलैया 2' की सफलता ने कार्तिक की झोली कई फिल्में डाल दी, जिसमें अब एक और फिल्म का नाम जुड़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स मुताबिक कार्तिक एक बार फिर एक्शन करते नजर आने वाले है। चर्चा है कि कार्तिक साजिद नाडियाडवाला की अगली फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो साजिद नाडियाडवाला कार्तिक के साथ एक मेगा बजट की एक्शन थ्रिलर फिल्म की योजना बना रहे हैं, जिसे विशाल भारद्वाज निर्देशित करेंगे, फिलहाल फिल्म की कहानी पर काम हो रहा है। चर्चा ये भी है कि यह फिल्म विशाल भारद्वाज की महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक है, जिसकी शूटिंग इसी साल शुरू होने वाली है। चर्चा है कि मेकर्स फिल्म को साल 2025 में रिलीज करने की योजना बना रहा है। फिल्म में एक्शन थ्रिलर के साथ-साथ दर्शकों को कॉमेडी और ड्रामा भी देखने को मिलेगा।



# जान्हवी के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं राम चरण

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर इन दिनों अपने तेलुगु डेब्यू को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। वह जल्द ही जूनियर एनटीआर की फिल्म 'देवरा' से अपना साउथ डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में वह मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। इसके साथ ही वह फिल्म 'आरसी 16' से भी साउथ सिनेमा में अपने अभिनय का जलवा बिखरेंगी। इसमें वह राम चरण के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। जान्हवी के साथ काम करने को लेकर अभिनेता ने उत्साह व्यक्त किया है। राम चरण 'आरसी 16' में जान्हवी कपूर के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी हालिया मुलाकात की कुछ तस्वीरें साझा कीं। राम ने अभिनेत्री और उनके पिता, निर्माता बोनी कपूर के साथ तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में वह अपने घर पर उनकी मेजबानी करते दिखाई दिए। उन्होंने तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, 'आरसी 16 का इंतजार कर रहा हूं।' 6 मार्च को जान्हवी कपूर के जन्मदिन पर फिल्म की आधिकारिक घोषणा हुई थी।






## शुक्रवार को देशभर में रिलीज हुई फिल्म पर आया दर्शकों का रूझान

# स्वातंत्र्य वीर... हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की हकीकत

रणदीप हुड्डा की फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' शुक्रवार को रिलीज हो गई है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नायकों में शामिल विनायक दामोदर सावरकर के जीवन पर आधारित यह फिल्म उनकी सशस्त्र क्रांति की नीतियों का खुलासा करती है।




**मुंबई।** वीर सावरकर का किरदार फिल्म में रणदीप हुड्डा ने अदा किया है। इस फिल्म में मुख्य भूमिका अदा करने के साथ-साथ रणदीप ने फिल्म का निर्देशन भी किया है। अब जब फिल्म रिलीज हो गई है तो सोशल मीडिया पर इसे कैसी प्रतिक्रिया मिल रही है। इस फिल्म के लिए रणदीप हुड्डा ने जीतोड़ मेहनत की है। उन्होंने ढेरों किताबें पढ़कर न सिर्फ गहन अध्ययन किया है, बल्कि वीर सावरकर के किरदार को पर्दे पर दिखाने के लिए गजब का ट्रांसफॉर्मेशन भी किया है। अभिनेता ने करीब 26 किलो वजन घटाया है। अब जब फिल्म पर्दे पर आ गई है तो दर्शकों से भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।

### दो नेशलन अवार्ड

सोशल मीडिया पर नेटिजन्स अभिनेता और फिल्म दोनों की जमकर तारीफ कर रहे हैं। कुछ यूजर्स फिल्म को 'थ्रिलिंग मास्टरपीस' कह रहे हैं। कुछ फैंस ने तो अभिनेता को इस फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड दिए जाने की बात तक कह डाली है।

### अंकिता को भी तारीफ

रणदीप हुड्डा के साथ-साथ अंकिता लोखंडे के अभिनय की भी दर्शक दिल खोलकर तारीफ कर रहे हैं। अभिनेत्री ने 'स्वतांत्र्य वीर सावरकर' में यमुनाबाई सावरकर का किरदार निभाया है। फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखकर लौट रहे दर्शक फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

### रणदी का जादू

रणदीप हुड्डा ने हमेशा की तरह इस फिल्म में भी अपने अभिनय का जादू चलाया है। दर्शक फिल्म की तारीफ तो कर ही रहे हैं, साथ ही दूसरों को भी इसे जरूरत देखने की सलाह दे रहे हैं। खासकर युवाओं को यह फिल्म देखने का सुझाव अधिकांश दर्शक देते नजर आए हैं।

## खबर संक्षेप

### सहायक अभियंता के पद पर आकांक्षा का चयन



**चांपा।** छग इंजीनियरिंग सर्विस एग्जाम 2021 के फाइनल रिजल्ट जारी किये गये हैं। इस परीक्षा में टाप 10 में आकांक्षा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। आकांक्षा का चयन जल संसाधन विभाग मे सहायक अभियंता (सिविल) में हुआ है। आकांक्षा शुरु से ही मेधावी छात्रा रही है। हाइस्कूल में हसदेव पब्लिक स्कूल में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया था व वर्तमान में एन आई टी रायपुर एमः टेक. सिविल इंजीनियर के लिये भी सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। आकांक्षा साहू कृष्ण कांत साहू व श्रीमती रेखा साहू की सुपुत्री है। आकांक्षा ने बताया कि सफलता पाने के लिये सच्ची लगन और कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है सभी का सकारात्मक सहयोग हो तो किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

### प्रदेशाध्यक्ष के समक्ष दो कांग्रेसी नेता हुए भाजपा में शामिल

**बाराद्वार।** विगत दिनों भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव सिंह एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने सक्ती पहुंचे थे। इस दौरान नगर के भाजपा के युवा नेता अरुण शर्मा के साथ कांग्रेस के युवा नेता दीपक राय एवं कांग्रेस के पार्षद अजय सिंह राजपूत ने उनके समक्ष भाजपा प्रवेश किया। कांग्रेस के उन दोनों नेताओं को भगवा रंग का गमछा पहनाकर पार्टी में प्रवेश कराया गया। वहीं भाजपा के युवा नेता अरुण शर्मा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह एवं आप चौधरी ने अपने साथ हेलीकॉप्टर बैठाकर रायपुर ले गए।

### बहेराडीह में नवधा व मानस गायन प्रतियोगिता 27 से

**बहेराडीह।** ग्राम बहेराडीह में बुधवार 27 मार्च से अखंड नवधा रामायण और मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में हिंदी गायन समेत छत्तीसगढ़ी गायन और भजन गायन तीन अलग अलग प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। प्रत्येक प्रतियोगिता में पहला पुरुस्कार 2501 रुपये और शील्ड प्रदान किया जाएगा। दूसरा पुरुस्कार 1501 रुपये, तीसरा 1001 रुपये, चौथा 701 रुपये और पांचवा पुरस्कार राशि 501 रुपये के साथ शील्ड से सम्मानित किया जाएगा। मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार 5 अप्रैल को रात्रि 9 बजे से शुरू किया जाएगा। शनिवार 6 अप्रैल को हवन, सहस्त्रधारा, चढ़ोत्तरी व ब्राह्मण भोजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## निधन

### रामप्रसाद कर्ष



**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पचेड़ा के प्रतिष्ठित नागरिक, होम्योपैथिक डॉक्टर एवं रेडियो सिंगर रामप्रसाद कर्ष का निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन व ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन और निरीक्षण के लिए दल गठित

# ओपन स्कूल परीक्षा में नकल की शिकायत पर जांच करने पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

ओपन स्कूल परीक्षा के दौरान शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय छपोरा और शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बड़े मुड़पार में परीक्षा के दौरान नकल करते विडियो वायरल हुआ था। इस मामले को कलेक्टर ने संज्ञान में लेते हुए एसडीएम के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। जांच टीम स्कूल पहुंची एवं जानकारी लेते हुए केन्द्राध्यक्ष व पर्यवेक्षको को आवश्यक निर्देश दिये।

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल परीक्षा के तहत शिक्षा जिला सक्ती में 11 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। ओपन स्कूल परीक्षा अंतर्गत विकासखण्ड मालखरौदा के परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय छपोरा और शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बड़े मुड़पार में परीक्षा आयोजन संबंधी शिकायत कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के संज्ञान में आने पर कलेक्टर ने प्राप्त शिकायत के जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मालखरौदा के नेतृत्व में 3 सदस्यीय जांच दल का गठन करते हुए छपोरा केन्द्र के सतत निरीक्षण हेतु स्थैतिक निगरानी दल बनाया है। जांच दल द्वारा शिकायत की जांच के बाद दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी । जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा ने बताया कि कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में गठित निरीक्षण दल एवं जांच दल के सदस्य 21 मार्च को परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय छपोरा के औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। निरीक्षण दल द्वारा पाया गया कि उक्त दिवस कक्षा बारहवीं अंतर्गत रसायन शास्त्र विषय की परीक्षा में दर्ज 184 परीक्षार्थियों में से 175 परीक्षार्थी उपस्थित और 9 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। गठित दल ने केन्द्राध्यक्ष, पर्यवेक्षको को आवश्यक निर्देश दिये एवं परीक्षा केन्द्र के बाहर परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाने हेतु उपस्थित पालको को समझाइस दिया कि पालक अपने परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रतिदिवस परीक्षा प्रारंभ के आधा घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुंचाए एवं परीक्षा समाप्ति के 10 मिनट बाद परीक्षा केन्द्र पर लेने उपस्थित होवे। केन्द्र के बाहर अनावश्यक रूप से उपस्थित ना रहे अन्यथा दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। इसके साथ ही कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी एन.के.चन्द्रा और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा सतत रूप से सभी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर रहे है एवं पालको को समझाइश के साथ परीक्षा संचालन में सहयोग की अपील कर रहे है। ओपन स्कूल की परिक्षाएं नियंत्रित और शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हो रही है।



केन्द्र में परीक्षा देते परीक्षार्थी।

# पैकेट वाले खाने की वस्तुओं से दूर रहने बच्चों को दी गई सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भलवाही में कलेक्टर आकाश छिकारा के पहल एवं छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी कुमार भारद्वाज एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहन लाल कौशिक के मार्गदर्शन अनुसार शुक्रवार 22 मार्च को एडिशनल सीईओ जनपद पंचायत पामगढ़ श्रीमती रूपलता बुनकर ने अपने बेटे के जन्म दिन के उपलक्ष्य में बच्चो के साथ न्योता भोज कराकर मनाया।

- **एडिशनल सीईओ ने बच्चों को कराया न्योता भोज**

सीईओ ने अपने हाथों से बच्चों को केला, अंगूर, संतरा एवं मिठाई का वितरण किया। न्योता भोजन में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भलवाही के शिक्षको द्वारा पूरी, काबुली चना, दाल चावल की व्यवस्था कर न्योता भोजन कराया। सीईओ ने बच्चों को स्नेक, पैकेट वाली खाने के वस्तुओं से दूर रहने को कहा। अधिक नमकीन और मसाले वाले खाने के हानिया भी बताई। अपने खाने में हेल्दी फ्रूट शामिल करने की बात कही। न्योता भोज में प्रधान पाठक चैतराम बनर्जी, विष्णु पटेल, केशव पटेल, कमलेश नवरत्न एवं संकुल सिल्ली के संकुल समन्वयक खमेश्वर बंजारे उपस्थित रहे।



बच्चों को खाना परोसती एडिशनल सीईओ।

## प्राथमिक शाला केनाभाठा में बच्चों को खिलाया गया खीर-पूड़ी

**देवरी- सारागांव।** प्रधानमंत्री पोषण सक्ति निर्माण योजना के तहत जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला केनाभाठा में 21 मार्च को नेवता भोजन का कार्यक्रम किया गया है। नेवता भोजन में खीर, पूड़ी, पापड़, जलेबी केला, दाल भात, सब्जी में आलू मटर, पनीर, रायता , टमाटर , सलाद के अलावा अन्य व्यंजन बनाया गया था। नेवता भोजन में स्कूल के सभी छात्र - छात्राएं, प्रधानपाठक सुक्लाल यादव, शिक्षक शिवकुमार सिदा, पूर्व सरपंच संतोष कुमार सहिस, स्व सहायता समूह की महिलाएं, जनभागीदारी समिति के सदस्यगण सहित गांव के लोग उपस्थित थे ।



# भोजपुरी समाज के जिलाध्यक्ष को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

भोजपुरी समाज की जिला इकाई द्वारा रविवार 17 मार्च को सायं 5 बजे से ग्राम लछनपुर के छठ घाट स्थित सामुदायिक भवन में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर समाज के जिलाध्यक्ष लल्लन सिंह के पिछले दिनों हुए असामयिक निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

- **भोजपुरी समाज के सामुदायिक भवन में हुई सभा**

श्रद्धांजलि सभा के प्रारंभ में सभी उपस्थित जन द्वारा स्व. लल्लन सिंह के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। समाज के संरक्षक एस.पी. सिंह ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। समाज के संस्थापक जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह ने स्व. लल्लन सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए सफल कार्यकाल के लिए उनकी प्रशंसा की। इसके पश्चात दो मिनट का मौन रखकर सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की। श्रद्धांजलि सभा का संचालन एस.पी. सिंह तथा अंत में आभार प्रदर्शन डी.एन.सिंह ने किया।

इस मौके पर विनोद सिंह, सुदीश तिवारी, अरूण सिंह, सत्यनारायण महतो, हीरालाल ओझा, शिवशंकर झा, बी.पी.सिंह, सिद्धांत सिंह, आदित्य सिंह, रंजय सिंह, रविन्द्र सिंह, घनश्याम शुक्ला, जयशंकर तिवारी, हंसराज सिंह सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।



सभा में श्रद्धांजलि अर्पित करते भोजपुरी समाज के लोग।

# शराब पीकर हुल्लड़ करने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

होली पर्व को शासन के गाइड लाईन के अनुसार शान्ति एवं सद्भाव पूर्वक मनाने के लिये थाना डभरा में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। शान्ति समिति के बैठक में टी.आई.चन्द्रहास सिन्हा(प्रशिक्षु डीएसपी) ने बैठक में बताया की होली पर्व के लिये पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरे थाना क्षेत्र के लिये 7 पेट्रोलिंग पार्टी बनाई गई है। तीन सवारी, शराब पी कर गाड़ी चलाने वाले एवं शराब पीकर हुल्लड़ करने वालों के ऊपर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम बालेश्वर राम ने सभी से शान्तिपूर्ण पारम्परिक रूप से होली खेलने की अपील करते हुए कहा कि आचार संहिता एवं शासन के गाइडलाइंस का अनिवार्य रूप से पालन करें जबर्दस्ती किसी को रंग न लगाएं,बिजली लाइन के नीचे एवं ट्रांसफार्मर के आसपास होली न जलाएं, डीजे न चलाएं। बैठक में प्रमुख रूप से सुरेन्द्र मिश्रा, संतोष मानिकपुरी, दीपक बाजपेई, बसन्त चन्द्रा, अविनाश पटेल सहित नगर के गणमान्य नागरिक, व्यापारी गन एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

- **होली शान्तिपूर्ण मनाने हेतु थाना में हुई शांति समिति की बैठक**



शांति समिति की बैठक में चर्चा करते एसडीएम व टीआई।



### बसपा से डॉ.रोहित होंगे लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी

**पामगढ़।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश कु मायावती के द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश के लोकसभा सीटों की पहली सूची जारी कर दिया है। जिसमे जांजगीर-चाम्पा लोकसभा से डॉ रोहित डहरिया को मैदान में उतारा है। वर्तमान में बसपा के जांजगीर-चाम्पा के जिलाध्यक्ष है। पूर्व में डॉ. डहरिया जिला पंचायत के उपाध्यक्ष व कृषि उपज मंडी अकलतरा के सदस्य भी रहे है। साथ ही साथ वें छत्तीसगढ़ के लोक गायक के रूप में भी जाने जाते है। हाल ही में उन्हें सामाजिक कार्य में उत्कृष्टता हेतु डॉक्टरेट व डिलीट की उपाधि से सम्मानित किया गया है। पूर्व में वें तीन बार जिला पंचायत का चुनाव लड़ चुके है। जांजगीर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बनने के बाद वें क्षेत्र में सक्रिय रहे व विधानसभा पामगढ़ से 2013 व 2018 में प्रबल दावेदार भी रहे है ।













